नई दिल्ली, मंगलवार
20 फरवरी, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

स्माग टावर, क्लाउड सीडिंग प्रदूषण का स्थायी समाधान नहीं 10
एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा शर्मा बोलीं- बंगाल में राष्ट्रपति शासन के अलावा कोई रास्ता नहीं 13






## संपादकीय


**तिराहे पर भारतीय मुसलमान:** कुफ्र और काफिर वाली धारणा न केवल बचकानी, अवैज्ञानिक और अनैतिक है, बल्कि यह व्यवहार में असंभव भी है। **शंकर शरण** का दृष्टिकोण।



**उत्तराखंड ने दिखाई देश को दिशा:** देशव्यापी समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत में एक समरस एवं समावेशी समाज का निर्माण संभव होगा। **प्रो. रसाल सिंह** का आलेख। ● पेज 8

## जागरण विशेष

### जीन एडिटिंग से घटेगी मच्छरों की आबादी



**हिसार:** हिसार के गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक अहम शोध किया गया है जिससे मच्छरों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की राह खुली है। ● पेज 14

## अंदर पढ़ें

### फेज चार के शेष मेट्रो कारिडोर को जल्द मिल सकती है मंजूरी

**नई दिल्ली:** मेट्रो के चौथे चरण में आने वाली अड़चन जल्द दूर होगी। इसके लिए दिल्ली सरकार, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और केंद्र सरकार के बीच समझौता पत्र (एमओयू) पर जल्द हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चरण के तहत जनकपुरी वेस्ट-रामकृष्ण आश्रम, दिल्ली एरोसिटी-तुगलकाबाद स्टेशन और मजलिस पार्क-मौजपुर कारिडोर के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर की अनुमति दे दी है। ● पेज 2

**jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें**

**छूटा 'हाथ' का साथ**

10 साल में मुख्यमंत्री रह चुके 14 कद्दावर नेताओं ने छोड़ा 'हाथ' का साथ, कमल नाथ जाएंगे कमल के साथ?

**दैनिक जागरण सप्तरंग**

अंतस और अध्यात्म का

हौ प्रसिद्ध पातकी तू पाप पुंजहारी



योग से मन को करें वश में

● जागरण सिटी

एमएसपी की गारंटी देने के **केंद्र के प्रस्ताव** को किसान संगठनों ने किया नामंजूर

# किसान अड़े, कल दिल्ली कूच

**जासं, पटियाला :** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) सिद्धूपुर गुट के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्र सरकार की ओर से रविवार को दिए गए प्रस्ताव को ठुकराते हुए 21 फरवरी को सुबह 11 बजे दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। सोमवार रात करीब नौ बजे शंभू बार्डर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए डल्लेवाल और किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रदेश महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीयत सही नहीं है। कहा कि हमने सरकार के समक्ष मांगें रखीं थीं और प्रस्ताव केंद्र ने दिया था। हमें प्रस्ताव मंजूर नहीं है। इसके साथ ही कहा कि बातचीत के रास्ते खुले हैं। अब केंद्र सरकार को फैसला करना है कि वह क्या चाहती है। जब तक हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, संघर्ष जारी रहेगा।

- भाकियू सिद्धूपुर गुट के नेता डल्लेवाल ने कहा- सरकार की नीयत सही नहीं
- हमने कोई प्रस्ताव नहीं बल्कि मांगें रखीं थीं, प्रस्ताव केंद्र ने दिया था



शंभू बार्डर पर लाउडस्पीकर से रस्सी के आगे न जाने की अपील करते किसान ● जागरण

बता दें कि रविवार रात किसान नेताओं के साथ हुई चौथे दौर की वार्ता में केंद्र सरकार ने फसलों के विविधीकरण को लेकर तीन फसलों कपास, दलहन और मक्का पर पांच साल तक एमएसपी की गारंटी देने का प्रस्ताव रखा था। सरकार ने कहा था कि नैफेड व अन्य सरकारी संस्थाएं पांच वर्ष तक उक्त फसलें खरीदेंगी। इस प्रस्ताव पर किसान नेताओं ने बाकी संगठनों के साथ विचार-विमर्श करने की बात कही थी। सोमवार को किसान संगठनों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। डल्लेवाल ने कहा कि केंद्र सरकार से अब तक केवल उनकी बात ही हो रही है और केंद्र की ओर से अभी तक कुछ भी लिखित में नहीं दिया जा रहा। हमें प्रस्ताव दिया गया था कि पूरे देश में तीन फसलों पर एमएसपी दिया जाएगा, लेकिन जब किसान बाहर आए तो मंत्रियों ने कहा कि यह केवल उन किसानों को दिया जाएगा, जो धान के अलावा इन फसलों को लगाएंगे। इससे साफ जाहिर है कि जो किसान पहले से ही दाल या अन्य वैकल्पिक फसलें पैदा रहे हैं, उन्हें एमएसपी का कोई फायदा नहीं होगा।

सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम बैठक में जाते हैं तो मंत्री तीन घंटे बाद आते हैं। इससे पता चलता है कि केंद्र सरकार किसानों के मुद्दे को लेकर कितनी गंभीर है। हमें किसानों के मुद्दों पर केंद्र से विशेष सहयोग की आस नहीं है। इसी कारण हम 21 फरवरी को सुबह 11 बजे शंभू बार्डर से दिल्ली के लिए कूच कर देंगे। इस दौरान अगर हिंसा हुई तो क्या वह इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे के सवाल पर पंधेर ने कहा कि इस संबंध में पहले हरियाणा या केंद्र सरकार से सवाल किया जाना चाहिए। उनसे पूछना चाहिए कि उन्होंने हजारों की संख्या में अर्द्धसैनिक बल क्यों तैनात किए हैं। उन्होंने कहा कि हम शांतिपूर्वक दिल्ली कूच करना चाहते हैं। कोई टकराव नहीं चाहते। हमारी मांग है कि किसानों को शांतिपूर्वक दिल्ली की ओर जाने दिया जाए।

उधर, हरियाणा से सटी पंजाब की सीमाओं पर सोमवार को किसान संगठन सातवें दिन भी डटे रहे। पटियाला के शंभू बार्डर पर किसान नेता युवाओं से बार-बार शांति बनाए रखने की अपील करते रहे। बता दें कि किसान नेताओं की ओर से बार-बार शांति बनाए रखने की अपील के बावजूद युवा हरियाणा की सीमा की तरफ मार्च कर हरियाणा पुलिस पर पत्थरबाजी कर रहे थे। इसी कारण हरियाणा पुलिस उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दाग रही थी। हालांकि, रविवार और सोमवार को वहां पर स्थिति शांतिपूर्ण रही।

संबंधित >> पेज 16
देर से आया प्रस्ताव >> संपादकीय

# आज श्रीकृष्ण को सुदामा पोटली में चावल देते तो वीडियो बन जाता : मोदी

## बोले-पीआइएल दाखिल हो जाती, जजमेंट आता कि भगवान भ्रष्टाचार कर रहे थे

संजय रुस्तगी ● संभल

उत्तर प्रदेश के संभल में श्रीकल्कि धाम का शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना नाम लिए सपा पर निशाना साधा। मंदिर निर्माण रोकने के लिए पूर्व सरकार को जिम्मेदार बताया। साथ ही विपक्ष की आलोचना वाली राजनीति पर भी कटाक्ष किया। बोले, प्रमोद कृष्णम ने कहा कि हर किसी के पास देने के लिए कुछ न कुछ होता है, लेकिन मेरे पास कुछ नहीं है। मैं सिर्फ भावनाएं व्यक्त कर सकता हूं। अच्छा हुआ प्रमोद जी आपने कुछ दिया नहीं। जमाना इतना बदल गया है कि आज के युग में सुदामा श्रीकृष्ण को एक पोटली में चावल देते तो वीडियो बन जाता, सुप्रीम कोर्ट में पीआइएल हो जाती और जजमेंट आता कि भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे थे।

जिला बनने से पहले 2004 और 2009 में संभल आए मोदी का सोमवार को प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहला दौरा था। मंच पर आते ही उन्होंने पंडाल में मौजूद साधु-संतों को अभिवादन किया। कैला देवी और बूढ़े बाबू की जय के साथ उन्होंने संबोधन शुरू किया, तो माहौल जय श्रीराम से गूंज उठा। 30 मिनट के संबोधन में विकास और विरासत की नई तस्वीर रखी। सामूहिकता को इसका मूलमंत्र बताया। शंख ध्वनि के बीच मोदी ने अपनी सरकार की विकास यात्रा को भी रखा और विकास और विरासत के मंत्र को आत्मसात करने की बात भी कही। बोले-आज एक तरफ हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, दूसरी ओर शहरों में हाईटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बन रहा है। मंदिर बन रहे हैं तो देशभर में नए मेडिकल कालेज भी बन रहे हैं। विदेश से प्राचीन मूर्तियां वापस लाई जा रही है, रिकार्ड विदेशी निवेश भी आ रहा है। यह परिवर्तन प्रमाण है, समय का चक्र घूम चुका है। उन्होंने लालकिले से अपने संबोधन को याद दिलाते हुए कहा-मैंने कहा था कि यही समय है, सही समय है।



उत्तर प्रदेश के संभल में सोमवार को श्रीकल्कि धाम के शिलान्यास के दौरान पूजन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में हैं सीएम योगी आदित्यनाथ तथा आचार्य प्रमोद कृष्णम ● प्रेट्र

**पीएम ने संभल में श्रीकल्कि धाम का शिलान्यास कर विपक्ष की आलोचना वाली राजनीति पर किया कटाक्ष**

> कई अच्छे काम कुछ लोग मेरे लिए छोड़कर गए हैं। आगे भी अच्छे काम रह गए हैं। उन्हें भी संतों और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से पूरा करेंगे। ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर का निर्माण कार्य सौंपा है। -**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

हम अनुसरण नहीं, उदाहरण पेश कर रहे : मोदी >> पेज 11
राजनीति छोड़ें, उत्तर प्रदेश से सीखें राज्य >> पेज 11

# गो-तस्करों को संरक्षण देने पर 38 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**जागरण संवाददाता, खैरथल :** राजस्थान में भाजपा सरकार आते ही गो-तस्करों के साथ-साथ भ्रष्टाचारी अधिकारियों की कलई भी खुलने लगी है। यहां से राजस्थान ही नहीं बल्कि हरियाणा और दिल्ली तक गो मांस की होम डिलीवरी हो रही थी। खैरथल तिजारा जिले में पुलिस की मिलीभगत से यहां बड़े पैमाने पर गो मांस की तस्करी की जा रही थी।

मामला सामने आने के बाद जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेशचंद दत्ता रविवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने तस्करों को संरक्षण देने के आरोप में किशनगढ़बास थाने के एसएचओ दिनेश मीणा समेत 38 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि, चार को निलंबित किया गया है। इन चार पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि इन्हें पूरे मामले की जानकारी थी, लेकिन इन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। थाने के सभी पुलिसकर्मियों के लाइन हाजिर होने के बाद संचालन के लिए तुरंत प्रभाव से नए स्टाफ को वहां भेजा गया है। फिलहाल मामले की जांच कोटपूतली बहरोड़ एसपी नेमीचंद को सौंपी गई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले में करीब 20 से 25 आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने 25 युवकों को हिरासत में भी लिया है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री व अलवर शहर के विधायक संजय शर्मा ने सोमवार को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।



किशनगढ़बास के गांवों में आरोपितों के घरों पर चलता बुलडोजर ● जागरण

- चार निलंबित भी हुए, राजस्थान सरकार ने खैरथल तिजारा में गो-तस्करों के विरुद्ध छेड़ा अभियान
- राजस्थान और हरियाणा से लेकर राष्ट्रीय राजधानी तक हो रही थी गो मांस की होम डिलीवरी

अपराधियों के घरों पर चला बुलडोजर >> पेज 4
संबंधित >> पेज 6

## रायबरेली में भी राहुल की यात्रा में नहीं होंगे अखिलेश



**लखनऊ:** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की गांठ उत्तर प्रदेश में उलझती जा रही है। सपा व कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम निर्णय न होने के कारण अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव रायबरेली में भी शामिल नहीं होंगे। यह यात्रा सोमवार को अमेठी के बाद मंगलवार को रायबरेली पहुंच रही है। ● पेज 12

## अटकलों पर विराम, कमल नाथ नहीं छोड़ेंगे कांग्रेस



**नई दिल्ली:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ पार्टी नहीं छोड़ेंगे। हाईकमान और गांधी परिवार ने उन्हें पार्टी नहीं छोड़ने के लिए मना लिया है। कमल नाथ के सांसद बेटे नकुल नाथ के साथ भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर कांग्रेस ने सोमवार को आखिरकार विराम लगा दिया। कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि कमल नाथ के भाजपा में शामिल होने की खबरें मीडिया और भाजपा की अफवाह है। ● पेज 12

# चुनाव में हो रही खरीद-फरोख्त: सुप्रीम कोर्ट

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव से संबंधित बैलेट पेपर्स और मतगणना के दिन का पूरा वीडियो फुटेज मंगलवार को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है ताकि कोर्ट इस सारे रिकार्ड को देखकर जान सके कि उस दिन क्या हुआ था और वास्तविक स्थिति क्या है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो खरीद-फरोख्त चल रही है, उससे वह बेहद चिंतित है। कोर्ट ने सुनवाई किसी और दिन करने मांग ठुकराते हुए मामले को मंगलवार को ही सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनाव कराने वाले पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह से पूछा कि वह बैलेट पेपर्स पर क्रास का निशान क्यों लगा रहे थे? ऐसा उन्होंने किस कानून के तहत किया, क्योंकि कानून तो पीठासीन अधिकारी को सिर्फ हस्ताक्षर करने का अधिकार देता है। पीठासीन अधिकारी बैलेट पेपर पर और कुछ नहीं कर सकते। मसीह ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उन्होंने विरूपित बैलेट पेपर्स पर क्रास के निशान लगाए थे। मसीह मंगलवार को भी कोर्ट में पेश होंगे। मंगलवार को शीर्ष अदालत नए सिरे से मतदान कराने का आदेश देने के बजाय, पहले ही डाले गए मतों के आधार पर परिणाम घोषित करने पर विचार कर सकता है।



सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ● प्रेट्र

- सुप्रीम कोर्ट ने तलब किए मतपत्र और मतगणना की वीडियो रिकार्डिंग, आज फिर सुनवाई



- पीठासीन अधिकारी ने कोर्ट में पेश होकर दी सफाई, गड़बड़ मतपत्रों में लगाया था क्रास
- सुप्रीम कोर्ट ने पीठासीन अधिकारी अनिल से पूछा था, मतपत्र पर क्यों लगा रहे थे क्रास

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के मामले पर सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश दिया कि वह उनके पास सुरक्षित रखी गई चुनाव से संबंधी सामग्री और रिकार्ड में से बैलेट पेपर्स और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो रिकार्डिंग सुप्रीम कोर्ट भेजें। कोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को आदेश दिया कि वह रिकार्ड और वीडियो रिकार्डिंग पेशी के लिए आने के दौरान उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। पिछली सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने पीठासीन अधिकारी के वीडियो में दिख रहे आचरण पर नाराजगी जताते हुए तीखी टिप्पणियां की थीं। कोर्ट ने यहां तक कहा था कि बैलेट पेपर्स विरूपित करने पर पीठासीन अधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए। कोर्ट ने पीठासीन अधिकारी को स्पष्टीकरण देने के लिए सोमवार को अदालत में तलब किया था और आदेश का पालन करते हुए मसीह कोर्ट में पेश हुए थे। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक पीठासीन अधिकारी से देश के प्रधान न्यायाधीश ने सवाल जवाब किए। याचिकाकर्ता कुलदीप के वकील का कहना था कि नए सिरे से मतगणना करा दी जाए, तब पीठ ने कहा- नया पीठासीन अधिकारी नियुक्ति किया जाए जिसका किसी दल से कोई संबंध न हो और दोबारा मतगणना हो। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि कोर्ट दोबारा नए सिरे से चुनाव कराने का आदेश दे क्योंकि उनकी जानकारी के मुताबिक कुछ मतपत्र फाड़ दिए गए थे।

कोर्ट मत पत्रों को मंगाकर देखें: मेहता >> पेज 10






********

# फेज चार के शेष मेट्रो कारिडोर को भी जल्द मिल सकती है मंजूरी

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : मेट्रो के चौथे चरण में आने वाली अड़चन जल्द दूर होगी, इसके लिए दिल्ली सरकार, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और केंद्र सरकार के बीच समझौता पत्र (एमओयू) पर जल्द हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चरण के पहले तीन कारिडोर जनकपुरी वेस्ट-रामकृष्ण आश्रम, दिल्ली एरोसिटी-तुगलकाबाद स्टेशन और मजलिस पार्क-मौजपुर के लिए जरूरी एमओयू पर हस्ताक्षर की अनुमति दे दी है।

**50-50 प्रतिशत के फार्मूले पर मेट्रो रेल नीति 2017 के अंतर्गत केंद्र सरकार कारिडोर के निर्माण पर खर्च करने को तैयार है**



- दिल्ली सरकार निर्माणाधीन तीन कारिडोर के लिए जरूरी एमओयू पर करेगी हस्ताक्षर
- हस्ताक्षर के बाद केंद्र सरकार से नए कारिडोर को स्वीकृति दिलवाने का करेगी प्रयास

मेट्रो के चौथे चरण के अंतर्गत छह कारिडोर का निर्माण किया जाना है। वर्ष 2021 तक इसका निर्माण कार्य पूरा किया जाना था, परंतु अभी सिर्फ जनकपुरी वेस्ट-रामकृष्ण आश्रम, दिल्ली एरोसिटी-तुगलकाबाद स्टेशन और मजलिस पार्क-मौजपुर का काम चल रहा है। वहीं, रिठाला-नरेला, लाजपत नगर-साकेत जी ब्लाक और इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कारिडोर को अभी तक मंजूरी भी नहीं मिली है।

जानकारी के अनुसार मेट्रो रेल नीति 2017 के अंतर्गत केंद्र सरकार मेट्रो कारिडोर के निर्माण का खर्च 50-50 प्रतिशत के फार्मूले पर वहन करने को तैयार है। साथ ही केंद्र सरकार ने यह प्रविधान किया है कि मेट्रो परिचालन में घाटा होने या बाहरी ऋण के भुगतान में किसी तरह की परेशानी होने पर राज्य सरकार को खर्च उठाना होगा। केंद्र सरकार का तर्क है कि कई राज्यों में मेट्रो कारिडोर का निर्माण हो रहा है, इसलिए अब वह निर्माण में ही आधा खर्च वहन करेगी, लेकिन अन्य जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार को उठानी पड़ेगी। बताते हैं कि इसे लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच एक एमओयू होना था, जो कुछ वर्षों से लंबित है।

यही कारण है कि फेज चार कि लंबित तीन परियोजनाओं को मंजूरी मिलने में भी दिक्कत आ रही थी। निर्माणाधीन तीन कारिडोर के लिए समझौता हो जाने के बाद दिल्ली सरकार लंबित परियोजनाओं को भी जल्द केंद्र से स्वीकृति दिलवाने का प्रयास करेगी।

## एमओयू (समझौता पत्र) के तहत दिल्ली सरकार की बाध्यताएं

दिल्ली सरकार परियोजना के लिए जमीन को बिना किसी बाधा के तुरंत डीएमआरसी को सौंपेगी। इसमें सरकारी भूमि का पट्टा, हस्तांतरण या निजी जमीन का अधिग्रहण शामिल होगा। यह समझौता यहीं सीमित नहीं होगा। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भूमि अधिग्रहण या हस्तांतरण के कारण परियोजना के काम में देरी न हो। दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी (एचपीसी) का गठन किया जाएगा। इसमें दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों के सचिव, नगर निगमों के प्रमुख आदि समेत अन्य सदस्य होंगे। इस समिति का मुख्य उद्देश्य दिल्ली से जुड़े सभी मुद्दों, विशेषकर जमीन अधिग्रहण, यूटिलिटी की पुनर्स्थापन, परियोजना के ढांचे में बदलाव, प्रभावित व्यक्तियों का पुनर्वास, मल्टी मोडल इंटीग्रेशन आदि से जुड़े मुद्दों का समाधान और उनकी स्थिति को सुनिश्चित करना होगा। यह एमओयू भारत सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) के बीच है। यह समझौता ज्ञापन तब तक प्रभावी और वैध रहेगा, जब तक परियोजना के लिए ऋण का पूरा भुगतान नहीं कर दिया जाता है। इस एमओयू को दिल्ली सरकार और भारत सरकार की आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस समझौते के बाद जमीन विवाद, पेड़ काटने की स्वीकृति मिलने में देरी के कारण निर्माणाधीन परियोजनाएं विलंबित नहीं होंगी।

### दिल्ली मेट्रो के निर्माणाधीन तीन कारिडोर

| कारिडोर | कारिडोर की लंबाई (किमी) | स्टेशन |
|---|---|---|
| जनकपुरी वेस्ट-रामकृष्ण आश्रम | 29.262 | 22 |
| दिल्ली एरोसिटी-तुगलकाबाद स्टेशन | 23.622 | 15 |
| मजलिस पार्क-मौजपुर | 12.318 | 8 |

### इन कारिडोर को अभी नहीं मिली अनुमति

| कारिडोर | कारिडोर की लंबाई (किलोमीटर) | स्टेशन |
|---|---|---|
| रिठाला-नरेला | 26.463 | 21 |
| लाजपत नगर-साकेत जी ब्लाक | 12.377 | 10 |
| इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कोरिडोर | 8.385 | 8 |

# गोदाम की आड़ में गला रहे धातु, भूगर्भ में डाल रहे तेजाब

## यमुनापार में बड़ी संख्या में अवैध फैक्ट्रियां हो रहीं संचालित, न तो इनके पास लाइसेंस है, न ही फायर सेफ्टी की एनओसी

**चौखट पर आग**
**जिम्मेदार लापरवाह**
**किस्त-2**

आशीष गुप्ता • पूर्वी दिल्ली

घनी आबादी वाली पूर्वी दिल्ली की उबड़-खाबड़ संकरी गलियों से, जहां चारपहिया वाहन तक आसानी से नहीं गुजर सकते हैं, वहां हजारों अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं। इतना ही नहीं गोदाम की आड़ में धातु गलाने के लिए भट्टियां चल रही हैं, तो कहीं घर नुमा बहुमंजिला भवनों में सिलाई के कारखाने चल रहे हैं, जहां 50-50 कारीगर काम रहे हैं, तो कहीं घर के अंदर बेकरी चल रही है। इनमें सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सब शून्य है। न तो इनके पास लाइसेंस है, न ही फायर सेफ्टी की एनओसी। इनमें काम करने वालों का जीवन हर वक्त खतरे में है। हादसे या आपदा की स्थिति में यहां से सुरक्षित निकल पाना बेहद कठिन है। राजधानी में फैक्ट्री संचालन के लिए बनाए गए हर नियम यहां ताख पर हैं। जिनपर इसे रोकने की जिम्मेदारी है, वे मिलीभगत कर अंजान बने बैठे हैं।

**मंडोली-सबोली रात में 400 से ज्यादा चलती हैं भट्टियां:** मंडोली-सबोली में 400 से ज्यादा अवैध भट्टियां चल रही हैं। मंडोली क्षेत्र में तांबा, पीतल, एल्युमीनियम समेत धातु गलाने की इकाइयां ज्यादा हैं। पतली गलियों में बनी ये इकाइयां बाहर से किसी गोदाम की तरह दिखती हैं। अंदर इनमें भट्टियां सुलग रही होती हैं। रात के अंधेरे में कबाड़ से निकली धातुओं को गलाकर सांचे में ढाला जाता है, जिससे किसी को भनक न लगे। सबोली में पुरानी बैटरियों से निकलने वाला तेजाब नालियों में बहा दिया जाता है। सूत्रों की मानें तो कई बोरिंग करके तेजाब भूगर्भ में डाल रहे हैं। इसके अलावा ई-कचरा और प्लास्टिक रिसाइक्लिंग यूनिट चल रही हैं। गोकलपुर गांव के रिहायशी क्षेत्र में भी अवैध प्लास्टिक मोल्डिंग यूनिट चल रही हैं। यहां पर तो पिछले वर्ष जुलाई में कंप्रेशर फटने से दो लोगों की मौत हो हो गई थी। अवैध फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिक खतरे में काम करते हैं। कोई हादसा होता है तो जान बचाना भी मुश्किल है। लेकिन जवाबदेह चुप्पी साधे हुए हैं।

### 50 गज के घर में कपड़ा कारोबार कर उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में रेडीमेड कपड़े बनाने वाली इकाइयां चल रही हैं। 50 से 150 गज के प्लाट में बनी इकाइयों के घरनुमा भवनों में 50 से ज्यादा कामगार सिलाई, प्रेस, धागा काटने समेत अन्य काम करते हैं। संकरी गलियों में बनी ज्यादातर इकाइयों की सीढ़ियां इतनी पतली हैं कि एक साथ दो लोग उतर या चढ़ नहीं सकते हैं। रघुबरपुर, कैलाश नगर, अजीत नगर, धर्मपुरा, शांति मोहल्ला, पुराना सीलमपुर में इस तरह की छोटी-बड़ी तीन हजार से ज्यादा इकाइयां चल रही हैं। इनमें काम करने वालों को न्यूनतम वेतन तक नहीं मिलता। प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों, निगम के लाइसेंस इंस्पेक्टर से लेकर आला अधिकारी और जनप्रतिनिधियों तक को सबकुछ पता है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं करता। ये हाल तब है, जबकि अक्टूबर 2022 में गांधी नगर मार्केट में कपड़े की दुकान व गोदाम में आग लगने से एक कर्मचारी की मौत थी। अगस्त 2023 में कपड़े की फैक्ट्री में लगी आग की वजह से दमकल की गाड़ियां फैक्ट्री तक नहीं पहुंच पाई थीं।



मंडोली में फैक्ट्रियों से निकलता काला धुआं वातावरण को कर रहा प्रदूषित • जागरण

### चल रही हैं 200 से ज्यादा जीन्स रंगाई की फैक्ट्रियां

करावल नगर, सोनिया विहार, जौहरीपुर, शिव विहार, घोंडा में जीन्स रंगाई फैक्ट्ररियां चल रही हैं। इन क्षेत्रों में 500 से ज्यादा फैक्टरियां हैं। यह नियमों का उल्लंघन करके चलाई जा रही हैं। न तो इनके पास निगम का लाइसेंस है, न ही दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की सहमति है।

### तीन वर्ष में मात्र 23 सीलिंग, इनमें से कई फिर खुलीं


पूरे यमुनापार में विभिन्न विभागों ने पिछले तीन साल में 23 अवैध फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की है। इनकी सीलिंग की गई थी, लेकिन सूत्रों की मानें तो इनमें से कई दोबारा खुल गई हैं।




आसपास के प्रदूषण से काला हुआ मंडोली क्षेत्र स्थित मां दुर्गा मंदिर का शिखर • जागरण

### प्रदूषण से काला पड़ा मंदिर का शिखर

मंडोली-सबोली में प्रदूषण से लोगों का जीना मुश्किल है। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र में सेवाधाम रोड पर बने मां दुर्गा मंदिर का शिखर धुएं की वजह से काला पड़ गया है। मंदिर प्रबंधन ने अवैध फैक्ट्रियों की शिकायत कई बार प्रशासन व अन्य विभागों से की थी। एक बार नाम के लिए कार्रवाई हुई, फिर से अवैध फैक्ट्रियां चलने लगीं।



जिस औद्योगिक इकाई के पास सहमति नहीं है या विभागों के नियम पूरे नहीं करती हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। समिति से कहकर अंकुश लगाया जाएगा।
– डा. अनिल गुप्ता, सदस्य, डीपीसीसी



बिना लाइसेंस चल रहीं अवैध इकाइयों पर कार्रवाई करते हैं। यह बात सही है कि काफी इकाइयां अब भी चल रही हैं। उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।
– संजीव कुमार मिश्रा, उपायुक्त, शाहदरा उत्तरी जोन, नगर निगम



मंडोली में कई अवैध फैक्ट्रियों को सील किया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है। कई बार धुआं उठते देख भी सीलिंग की गई है। आगे भी कार्रवाई की जाएगी।
–मोहन कुमार, एसडीएम, सीमापुरी

# एक ही छत के नीचे चलाई जा रही थीं दो पेंट फैक्ट्री

**कोर्ट ने आरोपित अखिल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, फैक्ट्री के लिए किराये पर जमीन देने वाली महिला को मिली जमानत**

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली: अलीपुर अग्निकांड की जांच में अहम जानकारियां सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला है कि इस फैक्ट्री में एक नहीं, बल्कि दो पेंट फैक्ट्रियां चलाई जा रही थीं। आरोपित अखिल जैन के नाम पर माधव पेंट्स एंड केमिकल कंपनी पंजीकृत मिली है। इनके पिता मृतक अशोक कुमार जैन के नाम पर ओम संस पेंट्स कंपनी पंजीकृत मिली। इन कंपनियों में सीईओ अशोक कुमार जैन थे, जबकि अखिल जैन मैनेजर की भूमिका में थे।

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित अखिल की पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद अदालत ने 14 दिन के न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया है, जबकि अवैध फैक्ट्री के लिए किराए पर जमीन देने वाली राजरानी को रविवार को जमानत मिल गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन दोनों कंपनियों का सारा कामकाज अखिल जैन ही देखता था। मार्केटिंग से लेकर केमिकल एवं अन्य सामान खरीदने तक की जिम्मेदारी अखिल ही निभाता था। कारोबारियों से पेंट्स के आर्डर लेने से लेकर माल भेजने तक की जिम्मेदारी भी उसी की थी। बताया जा रहा है कि कई राज्यों से कारोबारियों से काफी आर्डर मिले हुए थे, जिसे देखते हुए काफी केमिकल्स एवं अन्य कच्चा माल फैक्ट्री में मंगवाया गया था। आर्डर तैयार करने से पहले ही हादसा हो गया। हादसे वाले दिन अखिल काम के सिलसिले में बाहर गया था। जांच में पता चला है कि यह फैक्ट्री समयपुर बादली में थी। 2009 से 2013 तक अशोक कुमार ने समयपुर बादली इलाके में फैक्ट्री चलाने के बाद उसे अलीपुर इलाके में शिफ्ट किया गया।

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एजेंसियों से मांगा जवाब

जासं, नई दिल्ली : अलीपुर स्थित पेंट फैक्ट्री में लगी आग के मामले का स्वत: संज्ञान लेकर शुरू की गई याचिका पर सोमवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में सुनवाई हुई। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर पर चिंता जाहिर करते हुए एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने इंडस्ट्रियल सेफ्टी एंड हेल्थ के निदेशक समेत विभिन्न एजेंसियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, डीपीसीसी और जिलाधिकारी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

हरियाणा सरकार
MCG MUNICIPAL CORPORATION of GURUGRAM
NURTURING GURUGRAM

क्या आपका प्रॉपर्टी टैक्स डेटा सही है?

अगर नहीं तो इस पोर्टल पर जाएं और अपनी संपत्ति का डेटा स्व-प्रमाणित करें।

STEP 01 लॉगिन / रजिस्टर करें
STEP 02 जिला चुनें और संपत्ति आईडी खोजें
STEP 03 आपत्तियों की सूची (चयन करके हाँ / नहीं विकल्प)
STEP 04 (संपत्ति विवरण अर्थात संपत्ति का पता, संपत्ति श्रेणी, प्लॉट /आच्छादित क्षेत्र, मंजिल का विवरण, मालिक का नाम, मोबाइल संख्या, संपत्ति कर, विकास शुल्क, स्वीकृत /अस्वीकृत स्थिति)
STEP 05 यदि हां, तो सबमिट करें फार्म / यदि नहीं, तो सबमिट करें आपत्ति
STEP 06
STEP 07 आवेदन संख्या (XXXXXXXX)

Visit http://ulbhryndc.org/ or Scan QR Code

राजस्व रिकॉर्ड की तरह, संपत्ति कर डेटा को स्व-प्रमाणित करना अनिवार्य है

हरियाणा सरकार ने संपत्ति कर में 15% की छूट और माफ़ी की सुविधा प्रदान की है, जो स्वयं संपत्ति के डेटा के साथ ही उपलब्ध है। भुगतान की अंतिम तिथि 29 फरवरी, 2024 है।

Swachhata App Swachh Haryana App
स्कैन क्यू आर कोड लॉगिन/रजिस्टर करने के लिए
गुरुग्राम नगर निगम
टोल फ्री नं: 18001801817 | www.mcg.gov.in

********

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार

# विकसित भारत की ओर विराट उड़ान



## देश को 13,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से शिक्षा और कौशल विकास की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात

माननीय प्रधानमंत्री

**श्री नरेन्द्र मोदी**

के कर-कमलों द्वारा

देश भर में **13,300 करोड़ रुपये** की लागत से
25 केंद्रीय विद्यालय, 19 जवाहर नवोदय विद्यालय समेत 12 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 10 आईआईटी, 5 आईआईआईटी, 3 आईआईएम, 2 आईआईएसईआर, 4 एनआईटी, 1 एआईसीटीई और 2 कौशल विकास संस्थान के विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का

**उद्घाटन / राष्ट्र को समर्पण / शिलान्यास**

एवं

**पीएम उषा** के अन्तर्गत **78 परियोजनाओं** के लिए
**₹ 3,600 करोड़ से अधिक की घोषणा**

| उद्घाटन | राष्ट्र को समर्पण | शिलान्यास |
| --- | --- | --- |
| ₹ 3,000 करोड़ से अधिक के | ₹ 6,900 करोड़ से अधिक के | ₹ 3,400 करोड़ से अधिक के |

देशभर के विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण कदम

राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों का देश भर में फैल रहा जाल

देश के हर क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री मनोज कुमार सिन्हा**
माननीय उप-राज्यपाल
जम्मू एवं कश्मीर

**श्री डॉ. जितेन्द्र सिंह**
राज्यमंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**श्री जुगल किशोर शर्मा**
माननीय लोकसभा सांसद, जम्मू

**श्री गुलाम अली खटाना**
माननीय राज्य सभा सांसद, जम्मू एवं कश्मीर


स्थान: जम्मू | 20 फरवरी 2024, मंगलवार | समय: सुबह 11:00 बजे












कार्यक्रम का सीधा प्रसारण DD NEWS पर

CBC 21201/13/0008/2324


### अमेरिका में बना दुनिया का पहला आटोमोबाइल-हवाई जहाज

1937 में आज ही अमेरिका में दुनिया का पहला आटोमोबाइल-हवाई जहाज एरोबाइल बनकर तैयार हुआ था। पहली उड़ान अगले दिन 21 फरवरी को हुई। एरोबाइल की वायु गति 70 मील प्रति घंटे एवं राजमार्ग पर गति 120 मील प्रति घंटे थी। इसका आविष्कार वाल्डो वाटरमैन ने किया था।



### सोवियत संघ ने मीर अंतरिक्ष स्टेशन का पहला माड्यूल लांच किया

1986 में आज ही सोवियत संघ ने अपने मीर अंतरिक्ष स्टेशन का पहला माड्यूल (कोर माड्यूल) लांच किया था। बाद में छह अतिरिक्त माड्यूल अंतरिक्ष में लांच किए गए जो कोर माड्यूल से जुड़ गए। 15 वर्षों तक संचालित होने के बाद 2001 में यह पृथ्वी पर वापस लौटा।




### समाज सेवा के प्रति आजीवन समर्पित रहे डा. नित्यानंद

समाजसेवी डा. नित्यानंद का जन्म 1926 में आज ही आगरा में हुआ था। 1940 में आरएसएस से जुड़े और समाज सेवा का व्रत ले लिया। 1965 में देहरादून के डीबीएस कालेज में भूगोल विभागाध्यक्ष नियुक्त हुए। 1991 में उत्तरांचल दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति की स्थापना की जिसने उत्तरकाशी भूकंप के साथ-साथ केदारनाथ आपदा के दौरान आपदा प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए काम किया। गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए अपनी पेंशन से छात्रावास बनाया। नौ जनवरी, 2016 को उनका निधन हो गया।



## इधर-उधर की

### 18 हजार पाउंड में बिके सोने से जड़े चर्चिल के दांत



20 वर्ष की आयु के दौरान चर्चिल ने कई दांत खो दिए थे • इंटरनेट मीडिया

**लंदन, एजेंसी:** द्वितीय विश्व युद्ध के समय में ब्रिटेन को जीत दिलाने वाले तत्कालीन ब्रिटिश पीएम विंस्टन चर्चिल अपने दांतों को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। चर्चिल के नकली दांतों का एक सेट ब्रिटेन में 18,000 पाउंड यानी लगभग 19 लाख रुपये में नीलाम हुआ। बिक्री करने वाली काट्सवाल्ड नीलामी कंपनी ने कहा कि दंत समस्याओं से पीड़ित चर्चिल ने 20 वर्ष की आयु में कई दांत खो दिए थे। सोने से जड़े हुए जिन नकली दांतों को नीलाम किया गया, माना जाता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान चर्चिल ने इन्हीं दांतों को लगाकर कई अहम भाषण और संबोधन किए थे। वे हर समय अपने साथ दांतों के दो सेट रखते थे। उनके लिए दांतों के चार सेट बनाए गए थे, जिनमें से एक को उनके साथ दफनाया गया।

## एक नजर में

### पापुआ न्यू गिनी में जनजातीय हिंसा में 26 लोगों की मौत

**मेलबर्न:** पापुआ न्यू गिनी में संघर्षरत जनजातियों के बीच हुई गोलीबारी में 26 लोगों की मौत हो गई। रायल पापुआ न्यू गिनी कांस्टेबुलरी कार्यवाहक अधीक्षक जार्ज काकस ने बताया कि एंगा प्रांत में एक जनजाति के सदस्य पड़ोस के जनजातीय समुदाय पर हमला करने जा रहे थे। तभी उन पर हमला हुआ। (एपी)

### हमले में पुलिसकर्मियों पर कदाचार का आरोप

**लंदन:** ब्रिटेन में भारतवंशी किशोरी और उसके मित्र पर चाकू से किए गए हमले के बाद चोटों और अन्य जानकारियां वाट्सएप पर साझा करने पर दो पुलिसकर्मियों पर कदाचार के आरोप लगाए गए हैं। (प्रेट्र)

# नीति आयोग ने की बुजुर्गों की समग्र सुरक्षा करने की सिफारिश

- स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक व डिजिटल रूप से बुजुर्गों को सुरक्षित करने की बात कही
- वर्ष 2030 तक देश में 15 करोड़ से अधिक आबादी 60 साल से ऊपर की होगी



**65** साल की आयु तक जापान में रोजगार का कानून, ताकि देश की उत्पादकता में योगदान दे सकें

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** वर्ष 2030 तक देश की 12 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 वर्ष से अधिक होगी और इन 15 करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार नीति ला सकती है। नीति आयोग ने इस संबंध में सरकार की मदद के लिए पूरा मसौदा जारी किया है। मसौदे में बुजुर्गों को मुख्य रूप से चार सेक्टर स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक व डिजिटल रूप से सुरक्षित करने की सिफारिश की गई है।

फिलहाल भारत में वर्तमान में बुजुर्गों की आबादी 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है यानी करीब 10.40 करोड़। 2050 तक बुजुर्ग आबादी का आंकड़ा 19.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। आयोग ने बताया कि देश में 78 प्रतिशत बुजुर्गों के पास पेंशन की कोई सुविधा नहीं है। सिर्फ 18 प्रतिशत बुजुर्गों के पास ही स्वास्थ्य बीमा है। डिमेनशिया जैसी मानसिक बीमारी से पीड़ित होने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 20 प्रतिशत बुजुर्ग किसी न किसी रूप में मानसिक रूप से पीड़ित होते हैं। बुजुर्गों की देखभाल करने वालों की कमी होती जा रही है। 60 साल के बाद उपार्जन के अवसर नहीं हैं। बुजुर्गों को डिजिटल रूप से भी जागरूक करना होगा।

नीति आयोग ने अपने मसौदे में जापान, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, सिंगापुर, ब्रिटेन जैसे कई देशों में बुजुर्गों को दी जाने वाली आर्थिक व स्वास्थ्य सुरक्षा का माडल भी दिया है। जापान में 65 साल तक की आयु तक रोजगार का कानून है ताकि देश की उत्पादकता में बुजुर्ग भी अपना योगदान दे सकें। नीति आयोग के मसौदे के मुताबिक बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा के लिए उनके अनुभव व उनकी कुशलता के मुताबिक पेशे का सृजन करना चाहिए। पेंशन की मदद के दायरे को बढ़ाना चाहिए। सस्ते हेल्थ इंश्योरेंस की व्यवस्था होनी चाहिए। देखभाल से संबंधित उत्पादों को जीएसटी मुक्त करना चाहिए। रिवर्स मार्गेज के तहत बुजुर्ग संपत्ति को बैंक के पास रखकर एक निश्चित अवधि के लिए फिक्स्ड रकम ले सकते हैं।

# सत्ता में आई तो नाटो के साथ भारत से भी होंगे और मजबूत संबंध : हेली

**वाशिंगटन, प्रेट्र:** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल भारतवंशी निक्की हेली ने कहा है कि अगर वह सत्ता में आती हैं तो उनका प्रशासन न केवल नाटो के साथ बल्कि भारत, आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और फिलीपींस जैसे देशों के साथ भी संबंधों को मजबूत करेगा। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाटो को लेकर पिछले दिनों दिए गए बयान पर चिंता जताते हुए यह बात कही।



अमेरिका में राष्ट्रपति पद प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल भारतवंशी निक्की हेली • एपी

हेली ने कहा कि अगर ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बनते हैं तो यह नाटो गठबंधन के लिए खतरा होगा। एबीसी न्यूज से बातचीत में हेली ने कहा कि मैं ट्रंप को लेकर कई अन्य बातों के साथ इसे लेकर चिंतित हूं।

# 'पंच सूत्र' पर आधारित होगी एमएसपी कमेटी की रिपोर्ट

## 28 सदस्यों ने 37 बैठकों में विमर्श करके तैयार की है रिपोर्ट

अरविंद शर्मा • नई दिल्ली



- सिर्फ एक बैठक का इंतजार, फिर रिपोर्ट कभी भी सौंपी जा सकती है : सदस्य
- भारतीय कृषि को परंपरागत स्तर से निकालकर वैश्विक व्यापार की ओर ले जाना लक्ष्य

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर बनी उच्चस्तरीय कमेटी की रिपोर्ट लगभग तैयार है। कमेटी के 28 सदस्यों की 37 बैठकों के दौरान हुई चर्चाओं का मूल मंत्र भारतीय कृषि को परंपरागत तरीके से वैश्विक व्यापार की ओर ले जाना है। सूत्रों का मानना है कि रिपोर्ट को पांच बातों पर फोकस किया गया है। कोशिश यह है कि किसानों की आय को कई गुना बढ़ाया जाए।

कमेटी के सदस्य दिलीप संघानी का कहना है कि 90 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है। अब अध्यक्ष के साथ सिर्फ एक बैठक का इंतजार है। उसके बाद हम कभी भी रिपोर्ट सौंप सकते हैं। सदस्य बिनोद अनुपम ने बताया कि किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए सबसे अधिक जोर कृषि आधारित वैश्विक व्यापार के अनुकूल माहौल बनाने पर दिया गया है। सिफारिशों को लागू करना तभी संभव होगा, जब वह प्रशासनिक रूप से क्रियान्वित करने के लायक होंगी। इसलिए रिपोर्ट में किसान आंदोलनों को भी ध्यान में रखकर राजनीतिक स्वीकृति के पक्ष पर भी विचार किया गया है ताकि विरोध या असहमति न रह जाए।


कमेटी की बैठकों का निष्कर्ष यह भी है कि विभिन्न राज्यों में अलग-अलग फसलों का लागत मूल्य समान नहीं है। ऐसे में एमएसपी तय करते समय राज्यों की न्यूनतम और अधिकतम कृषि लागत का औसत मूल्य के आधार पर ही आकलन किया जाना चाहिए। किसान नेता एवं कमेटी के सदस्य कृष्णवीर चौधरी ने सुझाव दिया है कि बाजार खोल दिया जाए और एमएसपी के तहत आने वाली फसलों का ग्रेडिंग के अनुसार रिजर्व प्राइस तय कर दिया जाए। एमएसपी से कम पर खरीद-बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया जाए। इसे सख्ती से लागू करने के लिए आर्थिक दंड का प्रविधान हो।

### 2022 में गठित की गई थी उच्चस्तरीय समिति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर जुलाई 2022 में पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एमएसपी पर विमर्श के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाई गई थी। उद्देश्य किसानों का असंतोष खत्म कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना भी था। समिति में कृषि, किसान संघों एवं शिक्षा से जुड़े सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र से कुल 28 जानकारों को शामिल किया गया है। निष्कर्षों को सर्वमान्य बनाने के लिए किसान संगठनों से छह सदस्य को आमंत्रित किया गया था।

# आम चुनाव से पहले एक्सप्रेस रफ्तार में बनेंगी सड़कें

- ढाई माह में डेढ़ लाख करोड़ के प्रोजेक्टों का उद्घाटन, शिलान्यास
- आचार संहिता लागू होने तक तेज रहेगा यह सिलसिला



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** पिछले ढाई महीनों में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क और अन्य इन्फ्रा परियोजनाओं के उद्घाटन या शिलान्यास के साथ केंद्र सरकार ने चुनावी साल में विकास की रफ्तार भी बढ़ा दी है। इस अवधि में पूर्वोत्तर समेत बीस से अधिक राज्यों में अहम सड़क परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।

मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा है कि यह रफ्तार आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा तक बनी रहेगी। मंगलवार को जम्मू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे और श्रीनगर रिंग रोड को फोर लेन बनाने के दूसरे चरण की आधारशिला रखेंगे। एक दिन पहले ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में चार हजार करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाओं की शुरुआत कर चुके हैं। पिछले सप्ताह ही ओडिशा में 28 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर चुके हैं। यह सिलसिला पिछले साल दिसंबर से तेज हुआ था, जब त्रिपुरा, बिहार और लद्दाख में 4600 करोड़ की सड़क परियोजनाएं आगे बढ़ी थीं। इसमें लद्दाख के प्रोजेक्ट खासे अहम हैं, क्योंकि इसके केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार एक साथ 29 सड़क परियोजनाओं को सेंट्रल रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से पूरा करने की मंजूरी प्रदान की गई। जनवरी में पीएम मोदी ने बुलंदशहर में पांच हजार करोड़ की सड़क परियोजनाओं का पैकेज राष्ट्र को समर्पित किया। गडकरी ने केरल और तमिलनाडु के बीच संपर्क सुधारने के लिए 12 परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

पंजाब में चार हजार और मध्य प्रदेश में 10 हजार करोड़ की 53 सड़क परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। गडकरी फरवरी में उत्तराखंड में सात हजार करोड़ की 38 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं आरंभ कर चुके हैं। ये ऋषिकेश से भारत-चीन सीमा तक बेहतर संपर्क देंगी।

# 10 और उपद्रवी गिरफ्तार, दिन का कर्फ्यू हटाया गया

**बनभूलपुरा बवाल**

**जागरण संवाददाता, हल्द्वानी :** उत्तराखंड के बनभूलपुरा में अतिक्रमण मुक्त स्थल की 100 मीटर परिधि में लगा कर्फ्यू भी हटा लिया गया है। अब केवल रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक क्षेत्र में कर्फ्यू रहेगा। मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत 10 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उपद्रवियों की संख्या 68 हो गई है। मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक समेत चार फरार उपद्रवियों पर पुलिस इनाम घोषित करने की तैयारी में है।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आठ फरवरी को बनभूलपुरा में थाना फूंक दिया गया था। सोमवार को मलिक का बगीचा निवासी तस्लीम कुरैशी, वसीम सिद्दीकी, मो. शोएब, अनस व अयान, अरबाज, नई बस्ती निवासी शहराज हुसैन, नाजिम, मो. वसीम व मो. उजैर को गिरफ्तार किया गया। घटना में पेट्रोल बम का प्रयोग हुआ था। पुलिस की जांच मलिक के पेट्रोल पंप तक पहुंची है। यहां लगे सीसीटीवी की डीवीआर को कब्जे में लिया गया है। बोतल में ईंधन ले जाने वाले राडार पर हैं।

### आनलाइन पैसा जुटा रहा हैदराबाद का एनजीओ

**गोविंद बिष्ट, हल्द्वानी :** हैदराबाद का एक एनजीओ बनभूलपुरा प्रकरण पर लगातार पोस्ट कर रहा है। अब यह एनजीओ बनभूलपुरा के लोगों की मदद करने का हवाला देकर पैसे जुटा रहा है। इंस्टाग्राम पर अपील करती हुई एक वीडियो भी डाली गई है। इसमें हैदराबाद निवासी सलमान खान नाम का युवक जो हैदराबाद यूथ करेज नाम के एनजीओ से जुड़ा है, उसने अपनी इंस्टाग्राम आइडी से बनभूलपुरा प्रकरण से जुड़े कई वीडियो पोस्ट किए हैं। एक पोस्ट में कहा है कि बनभूलपुरा में कई लोगों के पास खाने और दवाई की दिक्कत है। आनलाइन पैसा जुटाने के बाद इन लोगों की मदद की जाएगी। पोस्ट में पत्थरबाजों और पेट्रोल बम लेकर घूम रहे उपद्रवियों को लेकर कोई सवाल नहीं किया गया। हर पोस्ट में मुस्लिमों को ही पीड़ित बताया जा रहा है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में सरकारी जमीन पर बने अवैध मदरसे और नमाजस्थल को हटाने पहुंची पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पर पत्थरबाजों ने हमला कर दिया था।




********

छत्रपति शिवाजी जयंती पर हुए कार्यक्रम में बोले डीयू के कुलपति

# ‘नया भारत गलती नहीं दोहराएगा’

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए विश्वस्तरीय कंपनियां खड़ी करनी होंगी। एक-एक ट्रिलियन डालर के कम से कम 100 ब्रांड भारत से होने चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डीयू की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संकल्पः विकसित भारत-2047 कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता यह बातें कहीं। प्रो. सिंह ने कहा कि नए भारत की बदलती तस्वीर हमारे सामने है। नया भारत अपनी गलतियां दोहराने वाला नहीं है।

कुलपति ने छत्रपति शिवाजी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनेकों योगदान भारत के लिए रहे हैं, लेकिन अगर एक अद्वितीय योगदान की बात करें तो वह उनकी युद्ध नीति है। शिवाजी ने पृथ्वीराज चौहान की माफ करने की गलती को नहीं दोहराया। कुलपति ने विकसित भारत के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें दूसरे देशों का अनुसरण करने की नहीं बल्कि अपने माडल बनाने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था का ऐतिहासिक विश्लेषण करते हुए कहा कि हमें आर्थिक विकास के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की जरूरत है। हमें लीडरशिप के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है और डीयू इसमें अपना अहम योगदान दे सकता है।

डीयू की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने कहा कि भविष्य का भारत केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास पर आधारित होगा।



कार्यक्रम में बोलते दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह • सौजन्य- डीयू

# उपचारित अपशिष्ट जल का सदुपयोग करने में राजधानी विफल

संतोष कुमार सिंह • नई दिल्ली

दिल्ली में एक तो पर्याप्त संख्या में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) नहीं हैं। इस कारण राष्ट्रीय राजधानी में उत्पन्न होने वाले सीवेज का सही तरह से शोधन नहीं हो रहा है। वहीं, उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल का सदुपयोग करने में भी दिल्ली विफल है। पार्कों में बोरवेल से सिंचाई हो रही है और एसटीपी का पानी बर्बाद हो रहा है। पिछले माह यमुना पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की बैठक में बड़े पार्कों को एसटीपी से जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

**28 प्रतिशत सीवेज का नहीं होता है शोधन:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आउट कम बजट की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में लगभग 765 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) अपशिष्ट जल (सीवेज) निकलता है। इसमें से लगभग 235 एमजीडी (28.1 प्रतिशत) सीधे यमुना में गिर रहा है। वर्ष 2022-23 में इसे कम करके नौ प्रतिशत तक लाना था, जिसमें सफलता नहीं मिली। उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी दिल्ली में प्रतिदिन मात्र 565 एमजीडी उपचारित अपशिष्ट जल मिलता है। यानी अधिकांश बिना शोधित किए नदी में गिर रहा है। इसीलिए यमुना में प्रदूषण की स्थिति नहीं सुधर पा रही है।


ओखला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट • जागरण आर्काइव

- पार्कों में शोधित अपशिष्ट जल उपयोग करने का दिया है निर्देश
- लगभग 235 एमजीडी गंदा पानी सीधे यमुना में गिरता है

### भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग

उपलब्ध उपचारित अपशिष्ट जल में से 267 एमजीडी यमुना में छोड़ा जाता है। 125 एमजीडी का बागवानी एवं भूजल स्तर बढ़ाने के लिए और 100 एमजीडी भलस्वा झील को पुनर्जीवित करने में उपयोग हो रहा है। 73 एमजीडी उपचारित जल बच जाता है। इसका उपयोग 83 पार्कों में करने के लिए कहा गया है। अफसरों का कहना है कि एसटीपी से मिलने वाले पानी का उपयोग कृत्रिम झील बनाने में किया जा सकता है। दिल्ली सरकार प्रयास कर रही है। निलोठी, हैदरपुर, नजफगढ़ सहित कई स्थानों पर कृत्रिम झील बनाया जा रहा है।

### ओखला एसटीपी तैयार

यमुना नदी को साफ करने के लिए इसमें नालों से गिरने वाला गंदा पानी रोकना होगा। इसके लिए ओखला सहित तीन सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) का निर्माण और कई पुराने एसटीपी की क्षमता व गुणवत्ता सुधारने के लिए उनके उन्नयन कार्य चल रहा है। ओखला एसटीपी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है और इसके एक हिस्से का परीक्षण किया जा रहा है। अगले कुछ महीनों में इसे शुरू करने की योजना है। इससे प्रतिदिन 170 एमजीडी अपशिष्ट जल उपचारित हो सकेगा। यह उपचारित जल उपयोग में आएगा।

## सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ा चोर

**जासं, नई दिल्ली:** मंदिर मार्ग इलाके में दिनदहाड़े एक घर से लाखों रुपये के जेवर और अन्य सामान चोरी करने के मामले में मंदिर मार्ग थाना पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर 72 घंटे में मामले को सुलझा लिया है। यह पूर्व में चार मामलों में शामिल रहा है। उसके कब्जे से चोरी किए सोने की अंगूठी, एलईडी टीवी, स्मार्ट घड़ी व बिजली का सामान आदि बरामद हुआ। आरोपित आठ दिसंबर को ही जेल से रिहा हुआ था।

डीसीपी नई दिल्ली जिला देवेश महला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित रवि कुमार उर्फ पिंकू हैं। वह इंदिरापुरम, गाजियाबाद का रहने वाला है, वर्तमान में द्वारका में रह रहा था। 15 फरवरी को मंदिर मार्ग में रहने वाले दीपक ने चोरी की ई-एफआइआर दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसके घर में सुबह 11 से दोपहर दो बजे के बीच ताला तोड़कर चोरी की गई थी, तब एसीपी अनिल समोटा और एसएचओ अमित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की। घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी की गहनता से जांच की गई, जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति पर संदेह हुआ। छानबीन के बाद पुलिस टीम ने इंदिरापुरम, द्वारका व नरेला में छापेमारी की। 18 फरवरी को उसे इंदिरापुरम से पकड़ लिया गया। जेल से रिहा होने के बाद वह द्वारका में रहने लगा था।

# स्टेडियमों को सुधारने के साथ ही स्कूलों में खेल के मैदान तैयार कर रहा निगम

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली के नगर निगम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निगम सात स्टेडियम और 24 स्कूलों में खेल के मैदान तैयार कर रहा है। जिसका उद्देश्य एमसीडी के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को उनकी खेल रूचि के अनुसार आगे बढ़ाया जाए। इसके लिए निगम युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। इसमें स्टेडियम में न केवल मैदान को खेल प्रशिक्षण के अनुरूप सुधारा जा रहा है, बल्कि बच्चों के लिए जरूरी सुविधाएं जैसे चेंजिग रूम, बाथरूम और आराम करने के स्थान को भी संवारा जा रहा है।

साथ ही निगम की कोशिश सभी जोन में खेलों का प्रशिक्षण शुरू करना और बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित करने के लिए 40 रुपये प्रति छात्र के हिसाब अल्पाहार की राशि भी निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने मंजूर कर दी है।

दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम फिलहाल फुटबाल, थ्रोबाल, बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, वालीबाल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, खो-खो, कुश्ती आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्कूल स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसमें जो बच्चे ठीक प्रदर्शन करते हैं, उन्हें पहले क्षेत्रीय स्तर और बाद में अंतर क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं का आयोजित कर उन्हें आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष ही चार क्लस्टरों के हिसाब से यह शुरूआत की गई थी। इसी के परिणाम हैं कि दिल्ली यूथ लीग में अंडर 11 में लगातार दूसरे वर्ष विजेता का खिताब निगम की टीम ने हासिल किया। यूथ फुटबाल इंटरनेशनल एवं यंग स्टार कप में त्यागराज स्टेडियम में आयोजित हुए उसमें गोल्ड मेडल हासिल किया था। उन्होंने बताया कि फुटबाल के लिए एक फुटबाल कोच और एक सहायक की भर्ती बीते वर्ष की गई थी इस वर्ष दो फुटबाल कोच और दो सहायक की भर्ती प्रक्रियाधीन है। बाकि अन्य खेलों का प्रशिक्षण निगम के ही खेल शिक्षकों से दिलाया जा रहा है।


खो-खो खेलते दिल्ली नगर निगम स्कूल के बच्चे • सौजन्य : दिल्ली नगर निगम

### नगर निगम के इन स्टेडियम में चल रहा सुधार कार्य

- साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम
- शहीद भगत सिंह स्टेडियम
- अंबेडकर स्टेडियम
- सत्यावती स्टेडियम
- रानी झांसी स्टेडियम

## किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, तीन लोग पकड़े

**जासं, पश्चिमी दिल्ली :** कापसहेड़ा थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार उसके साथ 17 फरवरी को सामूहिक दुष्कर्म हुआ। 18 फरवरी को पीड़ित पक्ष ने इस मामले से पुलिस को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने पाक्सो व अन्य धाराओं में प्राथमिकी कर नाबालिग सहित तीन आरोपितों को पकड़ लिया। पहले तो पकड़े जाने पर तीनों ने खुद को नाबालिग बताया, लेकिन बाद में दो आरोपितों के बालिग होने का पता चला।

किशोरी परिवार के साथ कापसहेड़ा इलाके में रहती है। पीड़िता की दोस्ती पड़ोस में ही रहने वाले युवक से है। आरोप है कि 17 फरवरी को आरोपित युवक ने पीड़िता को फोन कर मिलने के लिए बुलाया था। पीड़िता आरोपित से मिलने के लिए गई थी, जहां आरोपित के दो दोस्त पहले से मौजूद थे। आरोपितों ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती शुरू कर दी। पीड़िता ने विरोध किया तो उन्होंने धमकी दी और उसकी पिटाई की। इसके बाद आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता अपने घर गई और डर के चलते उसने किसी को वारदात की जानकारी नहीं दी। 18 फरवरी को पीड़िता देर तक कमरे से बाहर नहीं आई तो स्वजन ने उससे कारण पूछा। इसके बाद पीड़िता ने उन्हें आपबीती बताई।

# मोबाइल फोन छीन रहे दो नाबालिगों को दबोचा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** ई-रिक्शा सवार यात्री का मोबाइल छीनने का प्रयास कर रहे दो किशोरों को सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने दबोच लिया। दोनों किशोर स्कूल छोड़ चुके हैं और शराब के आदी हैं। डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीना के मुताबिक, दोनों की उम्र 16 वर्ष के करीब है। एसीपी प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में एसआइ मनोज तोमर की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी उन्होंने देखा कि दो किशोर ई-रिक्शा सवार एक व्यक्ति का मोबाइल फोन छीनने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन पीड़ित का फोन सड़क पर गिर गया, इस कारण वे उसे नहीं ले जा पाए। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन की तरफ ट्रैफिक जाम में फंसे दोनों नाबालिगों को दबोच लिया। उनसे बरामद स्कूटी करोलबाग थानाक्षेत्र से चोरी की गई थी।

### 11 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

**जासं, नई दिल्ली :** हौज काजी थाना क्षेत्र में चोरी के प्रयास के मामले में भगोड़ा घोषित बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पहले से 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी मध्य जिला एम हर्षवर्धन के मुताबिक बदमाश का नाम वसीम उर्फ सलीम है। घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए हौज काजी थाने में तैनात एएसआइ सुनील व संजीव सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी और मैन्युअल जानकारी के आधार पर 18 फरवरी को वसीम को चांदनी महल में बदले हुए पते से दबोच लिया। सजा से बचने के लिए वह घर से भाग गया था और कुछ समय के लिए छिपकर रह रहा था।

### अवैध हथियार रखने वाला गिरफ्तार, पहले से दर्ज हैं 10 केस

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी जिला पुलिस ने एक आरोपित को पिस्टल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उस पर चोरी, लूट के 10 मुकदमे दर्ज है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपित की पहचान नेब सराय के खानपुर निवासी सदाम उर्फ गुलाम साबिर के रूप में हुई। 18 फरवरी को महरौली थाना पुलिस 60 फीट रोड कूडेदान के पास गश्त कर रही थी, तो एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूमता नजर आया। उसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो एक अवैध पिस्टल व दो कारतूस बरामद हुए।

## अंतरराज्यीय हथियार आपूर्तिकर्ता को दबोचा

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिण-पश्चिम जिले की पुलिस ने उत्तर प्रदेश व एनसीआर में हथियारों की आपूर्ति करने वाला अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित से 12 पिस्टल और 12 मैगजीन बरामद की गई हैं और वह अभी तक 200 से अधिक हथियारों की आपूर्ति कर चुका है।

दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपित की पहचान मध्य प्रदेश के धार निवासी मलखान सिंह के रूप में हुई है। आरोपित एनसीआर व उत्तर प्रदेश में हथियारों की आपूर्ति करता था। आरोपित मध्य प्रदेश के कुख्यात धार क्षेत्र में संचालित अवैध हथियार निर्माता और अंतरराज्यीय सिंडिकेट का सदस्य है। एएटीएस को 16 फरवरी को सूचना मिली कि आरोपित मलखान नाला रोड सागरपुर नई दिल्ली के पास अवैध हथियारों का एक बड़ा जखीरा देने आएगा। टीम ने वहां जाल बिछाया और आरोपित को हथियारों से भरे बैग के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपित के कब्जे से 12 पिस्टल, 12 मैगजीन बरामद की है। आरोपित पर 12 से अधिक केस दर्ज है। आरोपित हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया था। उसे एनसीआर के अपराधियों से लगातार हथियारों की डिमांड मिल रही थी। उन्हें हथियार देने के लिए वह दिल्ली आया था।




********

